**(REGD NO:- 04 / 1683 / 7811 )**

# यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट

(समाज सेवा सर्वोत्तम धर्म)

## संरक्षक

श्री सुरेंद्र सिंह यादव | श्री राव सज्जन सिंह यादव | श्री अवनीश यादव | श्री शेखर यादव

| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय सचिव | राष्ट्रीय संयोजक |
|---|---|---|---|
| डॉ अरुणेश यादव | डॉ हेमेंद्र कुमार | पीयूष देव | जय यादव |

| राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | उपसचिव |
|---|---|---|---|
| प्रशांत सिंह यादव | उदयवीर सिंह यादव | अवधेश कुमार | उर्मिलेश यादव |
| अमित यादव | मधुर यादव | | |

## सलाहकार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| राव बिजेंदर सिंह जी यादव | डॉ चंदन यादव | धर्मेंद्र यादव | डॉ प्रताप यादव | डॉ संजय |
| डॉ प्रदीप यादव यादव | समीर यादव | अमरीश यादव | रजनीश कुमार | डॉ दिनेश |
| राजकुमार यादव | श्री गंगाशरण यादव | | | |

## प्रदेश अध्यक्ष ( बिहार)

अंशुमान युवराज

## सचिव  (उत्तर प्रदेश)

किशन पाल यादव

**यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट ने कोरोना महामारी के समय समाज सेवा में अथक परिश्रम के साथ योगदान दिया। आज पूरा विश्व कोरोना महामारी की चपेट से गुजर रहा है।इस महामारी के प्रकोप से भारतवर्ष अछूता नहीं है। इन परिस्थितियों में केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार की ढुलमुल नीतियां पूर्ण रूप से उजागर हुई हैं ,क्योंकि देश का एक बड़ा वर्ग सरकारों द्वारा उपेक्षित किया गया जिस कारण इस वर्ग के करोड़ों मजदूरों को अपने कार्य स्थल से मूल निवास स्थल की ओर गमन करना पड़ा। क्योंकि सरकार द्वारा लॉक डाउन घोषित करने के कारण यातायात बंद कर दिया गया था अतः मजदूर वर्ग पैदल ही सड़कों पर चलने को मजबूर होने लगा। इन प्रवासी मजदूरों के खान पान रहन सहन की कोई व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं की गई ऐसी विकट परिस्थिति में यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए कदम बढ़ाया गया ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव एवं ट्रस्ट के महासचिव डॉ हेमेंद्र कुमार ने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मिलकर धरातल पर कोरोना योद्धा कलम के सिपाही आदि रूपों में समाज सेवा को वरीयता दी। मार्च माह में जब लॉकडाउन की शुरुआत थी तब ट्रस्ट के गाजियाबाद जिला के जिला अध्यक्ष श्री किशन पाल यादव के नेतृत्व में प्रवासी मजदूरों एवं क्षेत्रीय असहाय लोगों को भोजन सामग्री एवं जरूरती सामान का वितरण किया गया। इसी क्रम में ट्रस्ट के जिला गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष श्री उदय वीर सिंह यादव द्वारा नोएडा से गुजरने वाले प्रवासी मजदूरों तथा क्षेत्रीय असहाय लोगों को भोजन एवं अन्य सामग्री मुहैया कराई गई जिसके चित्र साथ में संलग्न है। इसी क्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं निजी तकनीकी संस्थानों द्वारा कॉलेजों में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों का वेतन नहीं दिया जिसका मुख्यमंत्रियों को लिखित रूप में अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव एवं धर्मेंद्र यादव के प्रयासों से सरकार द्वारा वेतन भुगतान का आदेश पारित कराया गया। जिससे तमाम निजी संस्थानों में कार्य कर रहे शिक्षकों को वेतन प्राप्त हुआ। इसी क्रम में महासचिव डॉ हेमेंद्र कुमार ने कोरोना महामारी एवं समाजवाद फासीवाद तथा अन्य पर लेख लिख कर कलम के सिपाही के रूप में समाज में जागरूकता फैलाई जिसको अहीरवाल टाइम्स के द्वारा प्रकाशित किया गया। जिनके साक्ष्य साथ में संलग्न है।**



एनसीआर

# यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट और युवा भारत फाउंडेशन कर रहा है गरीबों की मदद

यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष और युवा भारत फाउंडेशन के सलाहकार तथा टेक्निकल यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के एडिशनल सेक्रेटरी डॉ अरुणेश यादव ने बताया की तीनों संगठन यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट युवा भारत फाउंडेशन और टूटा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य नोएडा गाजियाबाद और अन्य जिलों में सभी गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर संभव मदद कर रहे हैं। गाजियाबाद और नोएडा के बहुत सारे स्लम क्षेत्रों में कई रिक्शेवाले और ठेली लगाने वाले लोग फंसे हुए हैं जिनकी यह तीनों संगठन राशन और खाने पीने का सामान पहुंचा कर कई दिनों से मदद कर रहे हैं।







इस पूरे सप्ताह में युवा भारत फाउंडेशन के संस्थापक जय यादव ने गाजियाबाद के कई झुग्गी बस्तियों में जाकर पूरी टीम के साथ गरीबों और जरूरतमंदों को दाल चावल आटा और अन्य जरूरत के सामानों वितरण करवाया वही यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के सलाहकार अमरीश यादव पिछले 4 दिनों से हर गरीब और जरूरतमंद को गाजियाबाद और नोएडा में अलग-अलग जगहों पर भोजन करवा रहे हैं। यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के गौतम बुध नगर के अध्यक्ष वीर यादव ने बताया कि उनके घर पर लगभग 200 मजदूर और छोटी छोटी फैक्टरी और कम्पनी में काम करने वाले किराए पर रहते है। जोकि नोएडा की विभिन्न फैक्ट्रियों में काम करते थे और अब लोंक डाउन के चलते उन सब के काम बंद हो गए हैं और सभी घर पर बैठे हैं उदयवीर ने सभी लोगों का 2 महीने का किराया माफ कर दिया है। एवं जो भी यूपी और बिहार के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं उनके लिए शासन और प्रशासन की मदद से 23 मार्च को 40-50 बसें किराए पर करके लगभग 2000 के आसपास लोगों को वापस भेजने की व्यवस्था करवाई। इसके अलावा अभी उनके यहां लगभग 30 35 लोग अभी भी रह रहे हैं जो किसी कारणवश अपने गांव नहीं जा पाए, उनके लिए कुछ पैसों का इंतजाम करके सब्जी व फलों की रेडी लगाने की व्यवस्था करवा दी है जिससे कि वह अपने परिवार का भरण पोषण इस संकट की घड़ी में कर सकें। तकनीकी विश्वविद्यालय शिक्षक संघ टूटा से जुड़े हुए सभी शिक्षक नोएडा गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग जगहों पर दिल्ली और नोएडा से पलायन करने वाले लोगों को रास्तों में भोजन करवा रहे हैं।





# सपा एमएलसी शिक्षक प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार ने सभी निजी शैक्षिक संस्थाओं से कार्यरत शिक्षकों के वेतन को रिलीज करने का किया निवेदन, मुख्य मंत्री को लिखा पत्र

समाजवादी पार्टी और टेक्निकल यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के एमएलसी शिक्षक प्रत्याशी मेरठ सहारनपुर खंड धर्मेंद्र कुमार ने उत्तर प्रदेश के सभी प्राइवेट संस्थानों के मालिकों से निवेदन किया है कि वह सभी इस संकट की घड़ी में अपने यहां कार्यरत सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मियों का वेतन भुगतान समय-समय पर करते रहें जिससे कि सभी शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों का अपने परिवारों के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन होता रहे और संकट की इस घड़ी में जहां पूरा विश्व आर्थिक और अन्य तरह की परेशानियों से जूझ रहा है हमारे क्षेत्र के लोगों को कुछ राहत मिले।

इस संदर्भ में एमएलसी शिक्षक प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार ने एक पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को और उनके मुख्य सचिव को भी भेज दिया है।



धर्मेंद्र कुमार ने बताया की उन्हें कई शिक्षकों से यह शिकायत मिली है कि लॉक डाउन के चलते कई शैक्षिक संस्थानों ने 3 महीने के लिए अपने यहां से सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों को रिलीज कर दिया है जबकि यह शैक्षिक संस्थान जुलाई अगस्त के महीने में एक बार में ही विद्यार्थियों से एक मोटी रकम वसूल लेते हैं धर्मेंद्र कुमार ने अपील की है की आगामी मार्च-अप्रैल मई और जून के महीने में न्यूनतम 10 से ?20000 की रकम हर शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी को प्रतिमाह के हिसाब से दी जाए जिससे कि वह अपने परिवार का बिना किसी परेशानी के भरण पोषण कर सकें।

टेक्निकल यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के अतिरिक्त सचिव एवं एमएलसी शिक्षक मेरठ सहारनपुर खंड के चुनाव प्रभारी डॉ अरुणेश कुमार ने बताया की और उनका संगठन इस समय क्षेत्र के सभी लोगों के मदद के लिए हर तरह से तैयार हैं जिसके लिए संगठन के हर व्यक्ति ने अपने मोबाइल नंबर सभी व्हाट्सएप ग्रुप और फेसबुक आईडी पर शेयर कर रखे हैं डॉ अरुणेश यादव ने बताया की श्री धर्मेंद्र कुमार एवं इस चुनाव से जुड़े हुए सभी जिला प्रभारी चुनाव प्रभारी व बूथ प्रभारी 24 घंटे पूरे मंडल में एक फोन पर या एक मैसेज पर जरूरतमंद की हरसंभव सहायता के लिए तैयार हैं।

लॉक डाउन के समय से ही ट्रस्ट के वरिष्ठ सलाहकार राव सज्जन सिंह एवं उदयवीर सिंह नोएडा गाजियाबाद गुडगांव में अप्रैल माह में जरूरतमंद लोगों एवं प्रवासी मजदूरों की सेवा में तत्पर रहे। गौतम बुद्ध नगर में मामूरा गड़ी चौखंडी बहलोलपुर खोदा चोटपुर तथा गाजियाबाद में वैशाली लोनी गोविंदपुरम आदि जगह पर ट्रस्ट के सदस्यों ने लोगों तक फल आटा दाल चावल सब्जी आदि जरूरती सामान बितिरित किया। सारे साक्ष्य साथ में सलग्न है।







यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट पूरे दिल्ली एनसीआर में लगातार कर रहा है जरूरतमंदों की मदद - GGS News24

नई दिल्ली:यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट पिछले 1 सप्ताह से covid 19 के चलते

ggsnews24.com

**जीजीएस न्यूज़24 वाराणसी ब्यूरो चीफ व स्वतंत्र संवाददाता बृजेन्द्र बी यादव**

नई दिल्ली:यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट पिछले 1 सप्ताह से covid 19 के चलते हुए लॉक डाउन से प्रभावित गरीबों और जरूरतमंदो को लगातार गुड़गांव, नोएडा और गाजियाबाद के विभि....

http://ggsnews24.com/14961/ 7:14 PM

http://ggsnews24.com/14961/



यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट लगातार छटवे सप्ताह पूरी तत्परता के साथ दिल्ली एनसीआर और देश के अन्य जिलों में जरूरतमंदो की कर रहा है मदद - GGS News24

ggsnews24.com

**जीजीएस न्यूज़24 स्वतंत्र संवाददाता बृजेन्द्र बी यादव**

जीजीएस न्यूज़24:यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट लगातार 6 वे सप्ताह पूरी तत्परता के साथ दिल्ली, गाजियाबाद, गौतमबुध नगर, गुड़गांव के अलावा देश के अन्य हिस्सों में अलग-अलग जगहों पर गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को ताजा....

http://ggsnews24.com/19062/ 7:14 PM

http://ggsnews24.com/19062/


REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA




FONRWA
Federation of Noida Residents Welfare Associations (Regd.)
Welcomes you
FONRWA AIM - GREEN, CLEAN, SAFE & DEVELOPED NOIDA

# अहीरवाल टाइम्स के मुख्यालय से शहर में ताज़ा भोजन वितरण का कार्य 32वें  दिन मे प्रवेश



अचानक आई कोरोना महामारी से बहुत से लोग अपने अपने स्थान पर ही फँसे रह गए थे। उनके खाने की समस्या के मध्यनजर अहीरवाल टाइम्स मुख्यालय में प्रतिदिन 1000 लोगो का ताज़ा भोजन तैयार करा कर शहर में ज़रूरतमंदों तक पहुँचाने का कार्य गत 32 दिनों से जारी है। साथ जुड़े सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करते है।



# कॉविड 19 महामारी-संक्रमण, लक्षण, दूरगामी प्रभाव और यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट का योगदान

अहीरवाल टाइम्स

नोएडा। डॉ हेमेंद्र कुमार ( महासचिव, यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट) कोरोना वायरस का प्रकोप सारी दुनिया झेल रही है। यह वायरस वुहान सिटी के सी फूड मार्केट जहां चमगादड़ का मीट भी मिलता है वहां से फैलने की आशंका जताई जा रही है क्योंकि चमगादड़ में पाए जाने वाले वायरस से कोरोना वाइरस की आनुवंशिक समानताएं मिलती हैं। यह भी माना जा रहा है कि यह महामारी पैंगोलिन से फैली हो। पर जो भी हो इस वायरस का फैलना आकस्मिक हुआ अथवा किसी सोची समझी रणनीति का हिस्सा है ऐसे प्रश्नों का उत्तर तो भविष्य के गर्त में है। हां यह कहना निश्चित रूप से सत्य है कि इस वायरस के फैलने से विश्व महामारी की चपेट में अस्त-व्यस्त पड़ा है। इस महामारी से विश्व के कई देश आर्थिक पैमाने पर ,सामाजिक पैमाने पर, तथा सभ्यता के पैमाने पर कई वर्ष पीछे जा चुके हैं। इस लेख को लिखे जाने तक विश्व में 2645706 लोग संक्रमित तथा 184325 लोग मर चुके हैं जिसमें अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका ( विश्व में शीर्ष) में 849185 लोग संक्रमित तथा 47706 लोग मर चुके हैं। इन आंकड़ों के साथ अमेरिका अधिक परेशानी से ग्रसित है ।जबकि भारत ( 17वें नंबर पर)में 21475 संक्रमित लोग तथा 682 लोग मर चुके हैं। विकसित देशों में भी इस वायरस की वैक्सीन अभी तक तैयार नहीं हो सकी है। शायद अगले कुछ समय में वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल हो जाए क्योंकि किसी भी दवा को बनाने में उस वायरस की संरचना का मालूम होना अति आवश्यक होता है तो आखिर कोरोनावायरस है क्या? इसे समझते हैं कोरोना वायरस कई प्रकार के विषाणुओं का एक समूह है लैटिन भाषा में कोरोना का अर्थ मुकुट होता है इस वायरस के कणों के इर्द गिर्द उभरे हुए कांटे जैसा ढांचा मुकुट का आकार देता है इसलिए इसका नाम कोरोना दिया गया दूसरा तथ्य जब सूर्य ग्रहण के समय चंद्रमा सूर्य को ढक लेता है जिससे चंद्रमा के चारों ओर सूरज की किरणें निकलती है उसे कोरोना कहते हैं चीन के वुहान शहर में इस वायरस का संक्रमण दिसंबर 2019 में तेजी से फैलने के कारण डब्ल्यूएचओ ने इसका नाम कोविड-19 रखा (क्योंकि किसी



शहर के नाम पर डब्ल्यू एच ओ बीमारी का नाम नहीं रख सकता)। वायरस गोलाकार कणों के रूप में जिसका व्यास लगभग 120 नैनोमीटर होता है। वायरल कैप्सूल में एक लिपिड बाई लेयर होती है जहां मेंब्रेन ( झिल्ली) आवरण तथा कांटो की संरचनात्मक प्रोटीन डले होते हैं कैप्सूल के अंदर न्यूक्लियोकैप्सिड होते हैं जोकि न्यूक्लियकैप्सिड(एन) प्रोटीन की कई प्रतियों से बनता है। ये आर एन ए युक्त विषाणु होते हैं। जब यह होस्ट सैल के बाहर होता है तो लिपिड बाई लेयर कैप्सूल झिल्ली प्रोटीन और न्यूक्लियोकैप्सिड वायरस की रक्षा करता है। इस वायरस में एकल आर एन ए युक्त जीनोम पाया जाता है जीनोम का आकार 27 से 34 किलोबेस तक होता है। जीनोम किसी भी जीव के डीएनए में विद्यमान समस्त जीनों का अनुक्रम संजीन या जीनोम कहलाता है। मानव जीनोम में अनुमानित है 20000 से 25000 तक जीनोम होते हैं। किलोबेस जीनोम को मेजर करने की यूनिट है। A kilobase (kb) is a unit of measurement in molecular biology equal to 1000 base pairs of DNA or RNA.

अब तक जो भी दवाएं प्रयोग की जा रही हैं वह सिर्फ संक्रमित लोगों के तापमान को कम करने अथवा उनकी इम्यूनिटी को स्थाई रूप से बरकरार रखा जा सके ( कम ना हो ), क्योंकि अभी तक इस वायरस के आर एन ए को भेदने वाली दवा नहीं तैयार हुई है। इस महामारी से सिर्फ जागरूकता एवं समझदारी से ही बचा जा सकता है इससे बचने के लिए नियमित रूप से साबुन और पानी या अल्कोहल वाले हैंड सेनीटाइजर से 20 सेकंड तक हाथ धुलें और खांसने अथवा छींकने के समय टिशू या कोहनी से मुंह को ढके। बीमार लोगों से कम से कम 1 मीटर दूरी बनाए रखें तथा संक्रमित व्यक्ति को एकांत में रहना चाहिए इस वायरस के संबंध में कुछ मिथक हैं जिन्हें समझना आवश्यक है । गुणों से भरपूर होने के बावजूद इसका कोई प्रमाण नहीं है कि लहसुन के उपयोग से संक्रमण से बचा जा सकता है । यह सत्य है कि मच्छर के काटने से कोरोनावायरस नहीं फैल सकता है एंटीबायोटिक्स वायरस के खिलाफ काम नहीं करते हैं बल्कि बैक्टीरिया से हुए संक्रमण को दूर करते हैं अल्कोहल या क्लोरीन का छिड़काव उन वायरस को मारने में मदद नहीं करेगा जो शरीर में प्रवेश कर चुके हैं सिर्फ ऊपर से कीटाणु मुक्त रखने के लिए इसका प्रयोग किया जा सकता है कोरोनावायरस को रोकने के लिए कोई प्रमाणिक दवा नहीं है हां गर्म स्नान से कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव किया जा सकता है न्यूमोनिया के टीके जैसे न्यूमोकोकल वैक्सीन और हिमोफिलस इनफ्लुएंजा टाइप की एचआईवी वैक्सीन कोरोना वायरस से बचाव नहीं करते यह सारे स्रोत विश्व स्वास्थ्य संगठन के हैं। इस महामारी में व्यथित लोगों की सेवा के लिए सरकार के साथ साथ कई एनजीओ और स्वामसेवी संस्थाएं आगे आई हैं। इसी क्रम में यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और दिल्ली के कई जिलों में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए बढ़ चढ़ कर मदद कर रहा है। ट्रस्ट के लोग दिन रात खाने पीने, फल सब्जी दवाएं और अन्य जरूरत का सामान निशुल्क उपलब्ध करवा रहे है। यदि यह महामारी विकराल अवस्था में पहुंचती है इस अवस्था के लिए यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट ने कुछ बी फार्मा कंपनी (जो कि दवा मुहैया करा सकें) एवं कई ट्रस्ट सदस्यों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों जो कि उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा के विभिन्न जिलों में है, को क्वारांटाइन के लिए सरकार की तथा लोगों की सहायता के लिए तैयारी कर रखी है।






Copyright Content Under Yaduvanshi Kalyan Trust

मई माह में भी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की उदासीनता के चलते हुए तमाम प्रवासी मजदूरों की हालत और बद्तर हो गई। ऐसे समय में यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने यथा संभव जरूरतमंदों की सेवा को अपना कर्तव्य मानकर चलते रहे। टेस्ट के उपाध्यक्ष अमित यादव ने फिरोजाबाद जिला में प्रवासियों को भोजन सामग्री वितरित की वही जिला गाजीपुर में ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार यादव ने प्रवासी मजदूरों की भोजन की व्यवस्था की। वही ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष किशनपाल यादव के नेतृत्व में गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को भोजन सामग्री वितरित की एवं नोएडा के जिला अध्यक्ष उदयवीर यादव ने गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की भोजन व्यवस्था की। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव जी एवं सपा एम एल सी प्रत्याशी डा धर्मेंद्र यादव जी तथा डॉ हेमेंद्र कुमार और डॉ अभिषेक चतुर्वेदी ने कलम के सिपाही के रूप में सरकार की कमियों को उजागर किया एवं विभिन्न शिक्षकों को संस्थान के मालिकों द्वारा बेतन भुगतान नहीं होने पर मुख्यमंत्री को पत्राचार द्वारा अवगत करा कर वेतन भुगतान का आदेश पारित कराया जिससे तमाम शिक्षकों को लाभ प्राप्त
हुआ।

## लगातार नौवें सप्ताह यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदो और प्रवासी मजदूरों को मदद जारी, राशन बांटने के साथ साथ रास्ते गुजर रहे प्रवासी मजदूरों को कर रहे मदद

**आशीष यादव बांट रहे है राह चलते मजदूरों और जरुरतमंदो को खाना उदयवीर यादव और किशनपाल यादव बांट रहे है राशन**






**अहीरवाल टाइम्स/ब्यूरो**

नोएडा। यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट लगातार 9 वे सप्ताह पूरी तत्परता के साथ दिल्ली, गाजियाबाद, गौतमबुध नगर, गुड़गांव के अलावा देश के अन्य हिस्सों में अलग-अलग जगहों पर गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को ताजा भोजन, सूखा राशन( आटा, दाल, चावल, चीनी, नमक), फल, सब्जी, दवाई और अन्य जरूरत के सामान उपलब्ध रहा है।

यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव ने बताया कि पिछले 8 सप्ताह से गरीबों मजदूरों की मदद का अभियान हमारी ट्रस्ट ने चला रही है। गाजियाबाद में वैशाली, कौशांबी, इंदिरापुरम, साहिबाबाद, लोनी, गोविंदपुरम, संजय नगर, राज नगर एक्सटेंशन गौतम बुध नगर में खोड़ा, मामूरा, बहलोलपुर, चोटपुर, गढ़ी चौखंडी, सेक्टर 59, ग्रेटर नोएडा और गुड़गांव और दिल्ली में कई जगहों पर ट्रस्ट के लोग राशन का सामान सब्जी फल दवाइयां और भोजन व्यवस्था में पूरी तत्परता के साथ जुट गए हैं।

डॉ अरुणेश यादव ने बताया कि जब से प्रवासी मजदूरों का पैदल चलते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश शुरू हो गया है यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के अलग-अलग जिलों में राह चलते गरीब मजदूरों को भोजन पानी बच्चों को दूध और जरूरतमंदों और बीमारों को दवा और अन्य सामान उपलब्ध करवा रहे हैं इस मुहिम की अगुवाई गाजीपुर के जिलाध्यक्ष आशीष यादव कर रहे हैं।

अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव ने बताया कि इस अभियान में ट्रस्ट के संरक्षक श्री सुरेंद्र सिंह, राव सज्जन सिंह यादव, अवनीश यादव, एमएलसी शिक्षक प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार, संयोजक जय यादव, महासचिव हेमेंद्र कुमार, सचिव पीयूष देव, कोषाध्यक्ष अवधेश यादव, उपाध्यक्ष अमित यादव, प्रशांत सिंह, डॉ संजय यादव, डॉ प्रताप, माधुर यादव, उपसचिव उर्मिलेश कुमार, अध्यक्ष बिहार अंशुमान युवराज, अध्यक्ष गाजियाबाद किशन पाल यादव, अध्यक्ष गौतम बुध नगर उदय वीर यादव, जिलाध्यक्ष गाजीपुर आशीष यादव, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, सत्य प्रधान, सतीश प्रधान मानवेंद्र यादव, चंद्रजीत यादव, बिल्लू यादव, अमरीश यादव,रजनीश मनीष यादव आदि लोग लगातार अलग-अलग जगहों पर इस इंतजाम को देख रहे हैं। उदयवीर यादव नोएडा में और किशनपाल यादव गाजियाबाद में मदद और राहत पहुंचाने के कार्य की अगुवाई कर रहे है जब कि मधुर यादव इटावा और अमित यादव फ़िरोज़ाबाद में बढ़ चढ़ कर जरूरतमंदो की मदद कर रहे है । बहुत से मित्र ऐसे हैं जो हमें लगातार आर्थिक रूप से पूरे देश भर से सहयोग कर रहे हैं। जिनके लिए हमारी ट्रस्ट के सभी सदस्य इनके हार्दिक आभारी है। आर्थिक सहायता करने वाले मित्रो में कुछ प्रमुख नाम श्री ऋषि यादव जी, इटावा,श्री राज बहादुर सिंह जी, बांदा,श्री मनोज यादव जी फरीदाबाद,श्री सूर्यकांत यादव, नोएडा रेशम टायर्स,श्री यज्ञ प्रकाश आर्य पीलीभीत,श्री राजबहादुर जी,बांदा,श्री विश्वजीत सिंह आगरा,

श्री रवीन्द्र यादव जी, रुड़की, डॉ राजीव कुमार जी, प्रयागराज, श्री सतेंद्र कुमार यादव, नोएडा, श्री हरीश कुमार,श्री विनोद यादव, डॉ राजेश त्रिपाठी, गाजियाबाद, श्री जितेन्द्र यादव,श्री रवि नेश यादव,श्री मीना यादव, नोएडा, श्री अरूण यादव, आंध्र प्रदेश डॉ श्यामजीत यादव, दिल्ली, श्री शशिभूषण, गोरखपुर, श्री विकास सिंह, डॉ राजा राम यादव दिल्ली, श्री अवध पाल सिंह यादव, श्री सुनील यादव,श्री अखंड प्रताप यादव, गाजियाबाद,श्री राकेश कुमार,श्री उदय शंकर, वाराणसी श्री भानु प्रताप सिंह,श्री सनी यादव, इटावा,श्री दुर्गेश प्रताप यादव,श्री अभिषेक यादव, दिल्ली डॉ एच बी यादव, संत कबीर नगर,श्री मनोज यादव क्ष्रूरु गाजियाबाद,डॉ कुमार राजीव रंजन, मधुबनी बिहार,श्री मेघा यादव, नोएडा,श्री राघवेन्द्र यादव, उरई,श्री राम मनि यादव, इलाहाबाद, श्री कोमल यादव,श्री सत्यजीत यादव,श्री श्याम यादव पुणे,श्री प्रशांत सिंह यादव,गाजियाबाद,श्री प्रवीण यादव, नोएडा,डॉ रमा कांति, नोएडा,डॉ एजाज़ अहमद, दिल्ली,श्री रामनाथ यादव, लखनऊ,श्री माधव गोपाल यादव, श्री विकास यादव, गाजियाबद श्री अमर पाल यादव, नोएडा, राजमंगल जी, मनोज यादव, सुनील यादव आदि है। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव ने यह भी बताया कि जब तक यह संकट और लॉक डाउन चलेगा तब तक हम लोग लगातार इस कार्यक्रम को जारी रखेंगे।

Copyright Content Under Yaduvanshi Kalyan Trust





अहीरवाल टाइम्स
गुरूग्राम, 31 मई-6 जून 2020
राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र
एनसीआर/चंडीगढ़

# लगातार दसवें सप्ताह यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट द्वारा प्रवासी मजदूरों और जरूरतमंदो को मदद जारी,प्रदेश भर में अलग अलग जगहों पर रास्ते से गुजर रहे लोगो को कर रहे मदद

## आशीष यादव की अगुवाई में गाजीपुर हाईवे पर बांट रहे है राह चलते मजदूरों और जरूरतमंदो को बांट खाना अमित यादव और मधुर यादव की अगुवाई में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर आगरा, मैनपुरी, इटावा, फ़िरोज़ाबाद और कन्नौज कट पर भोजन पानी का प्रबंध









**अहीरवाल टाइम्स/ब्यूरो**

नोएडा। यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट लगातार 10 वे सप्ताह पूरी तत्परता के साथ दिल्ली, गाजियाबाद, गौतमबुध नगर, गुड़गांव के अलावा इटावा, फ़िरोज़ाबाद, कन्नौज, गाजीपुर और देश के अन्य हिस्सों में अलग-अलग जगहों पर गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को ताजा भोजन, ठंडा पानी, सूखा राशन( आटा, दाल, चावल, चीनी, नमक), फल, सब्जी, दवाई और अन्य जरूरत के सामान उपलब्ध रहा है। गाजियाबाद में वैशाली, कौशांबी, इंदिरापुरम, साहिबाबाद, लोनी, गोविंदपुरम, संजय नगर, राज नगर एक्सटेंशन गौतम बुध नगर में खोड़ा, मामूरा, बहलोलपुर, चोटपुर, गढ़ी चौखंडी, सेक्टर 59, ग्रेटर नोएडा और गुड़गांव और दिल्ली में कई जगहों पर ट्रस्ट के लोग राशन का सामान सब्जी फल दवाइयां और भोजन व्यवस्था में पूरी तत्परता के साथ जु टे हुए हैं। डॉ अरुणेश यादव ने बताया कि जब से प्रवासी मजदूरों का पैदल चलते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश शुरू हो गया है यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी अलग-अलग जिलों इटावा, आगरा, फ़िरोज़ाबाद, कन्नौज, मैनपुरी और गाजीपुर में राह चलते गरीब मजदूरों को भोजन पानी बच्चों को दूध और जरूरतमंदों और बीमारों को दवा और अन्य सामान उपलब्ध करवा रहे हैं। अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव ने बताया कि इस अभियान में ट्रस्ट के संरक्षक श्री सुरेंद्र सिंह, राव सज्जन सिंह यादव, अवनीश यादव, एमएलसी शिक्षक प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार, संयोजक जय यादव, महासचिव हेमेंद्र कुमार, सचिव पीयूष देव, कोषाध्यक्ष अवधेश यादव, उपाध्यक्ष अमित यादव, प्रशांत सिंह, डॉ संजय यादव, डॉ प्रताप, माधुर यादव, उपसचिव उर्मिलेश कुमार, अध्यक्ष बिहार अंशुमान युवराज, अध्यक्ष गाजियाबाद किशन पाल यादव, अध्यक्ष गौतम बुध नगर उदय वीर यादव, जिलाध्यक्ष गाजीपुर आशीष यादव, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, सत्य प्रधान, सतीश प्रधान मानवेंद्र यादव, चंद्रजीत यादव, बिल्लू यादव, अमरीश यादव,रजनीश मनीष यादव,मनीष यादव, अर्जुन यादव,रितिक,मुनेश, अंशुल यादव आदि लोग लगातार अलग-अलग जगहों पर इस इंतजाम को देख रहे हैं।

उदयवीर यादव नोएडा में और किशनपाल यादव गाजियाबाद में, आशीष यादव गाजीपुर में मदद और राहत पहुंचाने के कार्य की अगुवाई कर रहे है जब कि मधुर यादव इटावा और कन्नौज जबकि अमित यादव फ़िरोज़ाबाद और आगरा में बढ़ चढ़ कर जरूरतमंदो की मदद कर रहे है । बहुत से मित्र ऐसे हैं जो हमें लगातार आर्थिक रूप से पूरे देश भर से सहयोग कर रहे हैं। जिनके लिए हमारी ट्रस्ट के सभी सदस्य इनके हार्दिक आभारी है। आर्थिक सहायता करने वाले मित्रो में कुछ प्रमुख नाम श्री ऋषि यादव जी, इटावा,श्री राज बहादुर सिंह जी, बांदा,श्री मनोज यादव जी फरीदाबाद,श्री सूर्यकांत यादव, नोएडा रेशम टावर्स,श्री यज्ञ प्रकाश आर्य पीलीभीत,श्री राजबहादुर जी,बांदा,श्री विश्वजीत सिंह आगरा, श्री रवीन्द्र यादव जी, रुड़की, डॉ राजीव कुमार जी, प्रयागराज, श्री सतेंद्र कुमार यादव, नोएडा, श्री हरीश कुमार,श्री विनोद यादव, डॉ राजेश त्रिपाठी, गाजियाबाद, श्री जितेन्द्र यादव,श्री रवि नेश यादव,श्री मीना यादव, नोएडा, श्री अरूण यादव, आंध्र प्रदेश डॉ श्यामजीत यादव, दिल्ली, श्री शशिभूषण, गोरखपुर, श्री विकास सिंह, डॉ राजा राम यादव दिल्ली, श्री अवध पाल सिंह यादव, श्री सुनील यादव,श्री अखंड प्रताप यादव, गाजियाबाद,श्री राकेश कुमार,श्री उदय शंकर, वाराणसी श्री भानु प्रताप सिंह,श्री सनी यादव, इटावा,श्री दुर्गेश प्रताप यादव,श्री अभिषेक यादव, दिल्ली डॉ एच बी यादव, संत कबीर नगर,श्री मनोज यादव [illegible], गाजियाबाद,डॉ कुमार राजीव रंजन, मधुबनी बिहार,श्री मेधा यादव, नोएडा,श्री राघवेन्द्र यादव, उरई,श्री राम मनि यादव, इलाहाबाद, श्री कोमल यादव,श्री सत्यजीत यादव,श्री श्याम यादव पुणे,श्री प्रशांत सिंह यादव,गाजियाबाद,श्री प्रवीण यादव, नोएडा,डॉ रमा कांति, नोएडा,डॉ एजाज़ अहमद, दिल्ली,श्री रामनाथ यादव, लखनऊ,श्री माधव गोपाल यादव, श्री विकास यादव, गाजियाबद श्री अमर पाल यादव, नोएडा, राजमंगल जी, मनोज यादव, सुनील यादव, डॉ ज्योति यादव, सु श्री प्रियंका यादव,अभिषेक यादव आदि है।









# संजीव यादव की अगुवाई में आगरा में पिछले 2 माह से मास्क, राशन किट और अन्य जरूरत के सामान का किया जा रहा है वितरण

### यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के सलाहकार है संजीव यादव आगरा के आवास विकास वार्ड के सफाई निरीक्षक है, लगातार कर रहे है क्षेत्रवासियों की मदद

आगरा। आवास विकास वार्ड आगरा के सफाई निरीक्षक और यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के सलाहकार संजीव यादव पिछले दो माह से लगातार क्षेत्रवासियों को मास सैनिटाइजर और राशन किट का वितरण कर रहे हैं। साथ ही अपने क्षेत्र को पूरी तरीके से सैनिटाइज करके क्षेत्रवासियों को सुरक्षित रख रहे हैं।

संजीव यादव ने बताया पी आवास विकास वार्ड में जितने भी अधिकारी हैं वह सब अपने संसाधनों और वेतन से क्षेत्रवासियों को राशन दवाएं और अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध करा रहे हैं जो कि संकट की इस घड़ी में है मानवता की एक मिसाल है।

वार्ड 75 आवास विकास पश्चिम में लगातार 2 माह से सेक्टर 9 स्थित मेयर कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को संजीव यादव सफाई निरीक्षक द्वारा राशन किट वितरित किए गए। क्षेत्रीय पार्षद सुषमा जैन ने माननीय महापौर नवीन जैन जी को क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के नामों की सूची सौंपी थी। इसके अनुपालन में मंगलवार को किटों का वितरण हुआ। पार्षद सुषमा जैन और भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध भदौरिया ने जरूरतमंदों को राशन किट वितरित किया। किट में चावल, आटा, आलू, दाल मसाले और रिफाइंड ऑयल शामिल है। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ख्याल रखा गया । किट प्राप्त कर खुश हुए जरूरतमंदों ने इसके लिए माननीय महापौर नवीन जैन जी एवं सफाई निरीक्षक संजीव यादव जी को धन्यवाद दिया। इस दौरान नगर निगम के सुपरवाइजर सत्येंद्र यादव, सफाई नायक अजय कुमार भाजपा बूथ अध्यक्ष अंशु भटनागर आदि मौजूद रहे।

अहीरवाल टाइम्स
गुरूग्राम, 24-30 मई 2020
राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार

# प्रदेश सरकार का गरीबों और मजदूरों के प्रति रवैया बेहद निराशजनक और अमानवीय-किशनपाल यादव

**अहीरवाल टाइम्स/ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद।** यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष गाजियाबाद और समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के जिला महासचिव किशनपाल यादव का मानना है के मौजूदा प्रदेश सरकार कि गरीबों और मजदूरों के प्रति जिम्मेदारी बेहद ही निराशाजनक है और उनका प्रवासी मजदूरों के लिए रवैया अमानवीय है। किशन पाल यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी अभी सत्ता में नहीं है फिर भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने प्रवासी मजदूरों की दुर्घटना में हुई मृत्यु पर गहरा दुख जताया और सभी मृत्यु परिवार को एक ?1 ,1लाख की सहायता राशि देने का फैसला लिया। अब तक 39 लाख रुपए की सहायता राशि दी जा चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी की इस दरियादिली किशन पाल यादव ने सराहना की है। मजदूरों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए किशन पाल यादव ने निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार की तरफ से मजदूरों की अनदेखी की गई और प्रवासी मजदूरों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। किशन पाल यादव ने सरकार से मांग करते हुए कहा हैं कि उत्तर प्रदेश के मजदूरों एक्सीडेंट में हुई मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा सरकार को देना चाहिए।



# आशीष यादव के समाज के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट का जिलाध्यक्ष गाजीपुर नियुक्त किया

**अहीरवाल टाइम्स/ब्यूरो**

**नोएडा**-यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गाजीपुर से आशीष यादव को वहां की जिम्मेदारी देते हुए जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। आशीष यादव गाजीपुर के निवासी है और शिक्षा जगत से जुड़े हुए हैं इनका गाजीपुर में एक निजी कॉलेज है और सामाजिक रूप से पिछले कई वर्षों से गरीबों जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।



यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अरुणेश यादव ने बताया कि विगत रविवार को हमारी कार्यकारिणी की वीडियो कॉलिंग के जरिए बैठक हुई। जिसमें संरक्षक श्री सुरेंद्र सिंह यादव, श्री सज्जन सिंह यादव, श्री अवनीश यादव, एमएलसी शिक्षक प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव, महासचिव डॉक्टर हेमेंद्र यादव, संयोजक श्री जय यादव, सचिव पीयूष देव, कोषाध्यक्ष अवधेश यादव, उपसचिव उर्मिलेश कुमार, उपाध्यक्ष अमित यादव, प्रशांत सिंह, डॉ संजय यादव, प्रताप यादव, मधुर यादव, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अंशुमन युवराज, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद किशन पाल यादव, जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर उदयवीर यादव ,सलाहकार अमरीश यादव, बिजेंदर वीर यादव, रजनीश यादव आदि लोग शामिल हुए और सभी की सर्वसम्मति से आशीष यादव को गाजीपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी लोगों ने आशीष यादव पर पूरा विश्वास जताया और उम्मीद की, कि वह गाजीपुर में पूरी निष्ठा के साथ गरीबों जरूरतमंदों पिछड़ों और समाज के लोगों का साथ देंगे उनकी मदद करेंगे और ट्रस्ट के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।








# 25 मार्च से अब तक गौतम बुध नगर में पूरी सेवा भाव के साथ जरूरतमंदो की मदद के लिए तत्पर है सुशील यादव

## यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट के कार्यकारिणी सदस्य है एक फोन पर पूरे गौतमबुद्ध नगर में कहीं भी पहुंच कर जरूरतमंदो की मदद कर रहे है फोनारवा के उपसचिव है सुशील यादव



**अहीरवाल टाइम्स/ब्यूरो**

**गौतबुद्धनगर।** गौतम बुध नगर के सुशील यादव पिछले 25 मार्च से लेकर अब तक निरंतर दिन रात गरीबों जरूरतमंदों और असहाय की मदद के लिए तन मन धन से तत्पर है। सुशील यादव पेशे से व्यवसाई है और यदुवंशी कल्याण ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं एवं फोनरवा नोएडा के उप सचिव हैं। उनके सेवा भाव को देखते हुए सभी लोगों का यह मानना है की सुशील यादव जैसे और लोग यदि समाज में रहे तो गरीबों और जरूरतमंदों को इतनी परेशानी ना हो। इस समय सुशील यादव नोएडा में चल रही फोनरवा किचन की संभाल रहे है, जिसमें लगभग 2000 का भोजन प्रतिदिन बन रहा है। और साथ ही साथ जरूरत पड़ने पर पूरे नोएडा में कहीं भी सूखा राशन और अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध करा रहे है। सुशील यादव ने बताया कि फोनरवा के उपाध्यक्ष ओ पी औद्व और सचिव पवन यादव उनके साथ जुटे हुए है और हर संभव मदद कर रहे है।

# Covid -19 के नायक ::वीरता एवं मानवता का प्रमाण पत्र




Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री विकास यादव जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री माधव गोपाल जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री बी एस यादव जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री यज्ञ प्रकाश आर्या जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री ऋषि यादव जी
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री देशवीर सिंह जी
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री मनीष यादव जी
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री प्रशांत सिंह यादव जी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री मुनेश यादव जी, शिकोहाबाद
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
डॉ एजाज़ सिद्दीकी जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री श्याम यादव जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री अखंड प्रताप यादव जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री उदय शंकर जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री सुशील यादव जी
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री आशीष यादव जी
जिलाध्यक्ष गाजीपुर
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री राघवेन्द्र सिंह जी
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री राजकुमार यादव जी
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री दुर्गेश यादव जी
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री पीयूष देव जी, राष्ट्रीय सचिव
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री सनी यादव जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री उदयवीर यादव जी,
जिलाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Yaduvanshi
kalyan trust
कोविड 19 विशिष्ट सेवा सम्मान
श्री विश्वजीत सिंह जी
कोरोना महामारी के दौरान आपके द्वारा दी गई मानव सेवा ने एक मिसाल पेश की है जिसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
डॉ अरुणेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष